**भारत सरकार**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या : 4822**

**उत्तर देने की तारीख : 21.08.2025**

## सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम

**4822. डॉ. राजकुमार सांगवान :**

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने 'उद्यम पोर्टल' के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाया है और लाखों लघु उद्यमों को औपचारिक अर्थव्यवस्था में समेकित किया है;

(ख) उद्यम पोर्टल के माध्यम से अब तक देश भर में पंजीकृत एमएसएमई उद्यमों की श्रेणी-वार संख्या कितनी है;

(ग) क्या सरकार ने बागपत संसदीय क्षेत्र सहित उत्तर प्रदेश में सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) के अंतर्गत कोई विशिष्ट परियोजना शुरू की है; और

(घ) यदि हां, तो उत्तर प्रदेश में बागपत लोकसभा क्षेत्र सहित जिले-वार ऐसी परियोजनाओं के नाम, स्थान, परियोजना लागत, वर्तमान कार्यान्वयन स्थिति और इसके अंतर्गत आने वाले उद्यमी या लाभार्थी कौन-कौन से हैं?

**उत्तर**

**सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) एवं (ख): एमएसएमई मंत्रालय द्वारा एमएसएमई के लिए सरल पंजीकरण की सुविधा प्रदान करने हेतु दिनांक 01.07.2020 को उद्यम पंजीकरण पोर्टल (यूआरपी) की शुरुआत की गई। उद्यम पर पंजीकरण पूर्णतया ऑनलाइन, कागजरहित और स्व-घोषणा पर आधारित है। वे अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यम जिन्हें जीएसटी से छूट प्राप्त है, उनके लिए दिनांक 11.01.2023 को सिडबी के सहयोग से उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म (यूएपी) का शुभारंभ किया गया। दिनांक 01.07.2020 से 15.08.2025 तक, आईएमई सहित 6.69 करोड़ उद्यमों ने यूआरपी पर पंजीकरण किया है। देश में, आईएमई सहित, यूआरपी पर पंजीकृत उद्यमों का श्रेणी-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

| आईएमई सहित श्रेणी-वार उद्यम | | | | |
|---|---|---|---|---|
| श्रेणी | सूक्ष्म | लघु | मध्यम | कुल |
| संख्या | 6,64,49,516 | 478,829 | 35,884 | 6,69,64,229 |
| | | | | स्रोत: उद्यम पंजीकरण पोर्टल |

(ग) एवं (घ): सूक्ष्म और लघु उद्यम क्लस्टर विकास कार्यक्रम (एमएसई-सीडीपी) के तहत, उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में अवसंरचना विकास (आईडी) परियोजना का ब्यौरा निम्नानुसार है:

| आईडी परियोजना का नाम | परियोजना लागत (लाख रुपए में) |
|---|---|
| बागपत जिले में नया औद्यौगिक एस्टेट | 548.30 |

उत्तर प्रदेश में एमएसई-सीडीपी के तहत परियोजनाओं की स्थिति अनुबंध में दी गई है।

*****

अनुबंध

**लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 4822, जिसका उत्तर दिनांक 21.08.2025 को दिया जाना है, के भाग (ग) एवं (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध**

एमएसई-सीडीपी के तहत उत्तर प्रदेश राज्य में अनुमोदित परियोजना प्रस्तावों का सारांश-

क. पूर्ण हो चुके सामान्य सुविधा केंद्र -

(लाख रुपए में)

| क्र.सं. | क्लस्टर का नाम | परियोजना लागत |
|---|---|---|
| 1. | कुंभकारी क्लस्टर, खुर्जा | 182.90 |
| 2. | कैंची क्लस्टर, मेरठ | 511.42 |
| 3. | भदोही में टफटेड कालीनों के लिए आधुनिक कालीन बैकिंग प्लांट | 517.50 |
| 4. | ज़री जरदोजी क्लस्टर, उन्नाव | 224.18 |

ख. कार्यशील-सामान्य सुविधा केंद्र:

(लाख रुपए में)

| क्र.सं॰ | क्लस्टर का नाम | परियोजना लागत |
|---|---|---|
| 1. | हाई-टेक रेशम बुनाई क्लस्टर, वाराणसी | 1385.30 |
| 2. | रेडीमेड गारमेंट क्लस्टर, बरेली | 690.60 |
| 3. | पीतलपात्र क्लस्टर, बखीरा, संत कबीर नगर में सीएफ़सी | 1057.80 |
| 4. | चावल मिल क्लस्टर, चंदौली में सीएफ़सी | 1500.00 |

ग. पूर्ण हो चुकी अवसंरचना विकास (आईडी) परियोजनाएं-

(लाख रुपए में)

| क्र.सं. | आईडी परियोजनाओं का नाम | परियोजना लागत |
|---|---|---|
| 1. | कुर्सी रोड, जिला लखनऊ में नया औद्योगिक एस्टेट | 506.00 |
| 2. | मसूरी-गुलावती, जिला हापुड़ में नया औद्योगिक एस्टेट | 509.19 |
| 3. | बागपत, जिला बागपत में नया औद्योगिक एस्टेट | 548.30 |
| 4. | भदोही में औद्योगिक एस्टेट | 594.00 |
| 5. | राम नगर, जिला चंदौली में औद्योगिक एस्टेट | 567.15 |
| 6. | बंथर, जिला उन्नाव में औद्योगिक एस्टेट | 550.00 |
| 7. | कोसी-कोटवान, जिला मथुरा में औद्योगिक एस्टेट | 700.00 |
| 8. | एटा, जिला एटा में औद्योगिक एस्टेट | 515.00 |

घ. कार्यशील अवसंरचना विकास (आईडी) परियोजनाएं-

(लाख रुपए में)

| क्र.सं. | आईडी परियोजनाओं का नाम | परियोजना लागत |
|---|---|---|
| 1. | नुन्हाई, आगरा में औद्योगिक एस्टेट का उन्नयन | 735.26 |
| 2. | शिकोहाबाद, फिरोजाबाद में औद्योगिक एस्टेट का उन्नयन | 296.19 |
| 3. | परतापुर, मेरठ में औद्योगिक एस्टेट का उन्नयन | 724.06 |
| 4. | तालकटोरा, लखनऊ में औद्योगिक एस्टेट का उन्नयन | 941.42 |
| 5. | ठंडी सड़क घेर शमुखन, फर्रुखाबाद में औद्योगिक एस्टेट का उन्नयन | 609.04 |
| 6. | फाउंडरी नगर, आगरा में फ्लेटेड फैक्टरी परिसर फेस I | 2641.25 |
| 7. | उद्योग नगर, कानपुर में फ्लेटेड फैक्टरी परिसर फेस I | 2472.19 |
| 8. | गोरखपुर में फ्लेटेड फैक्टरी परिसर (एफ़एफ़सी) | 3392.11 |
| 9. | सलारपुर, जिला बदायूं में मौजूदा औद्योगिक एस्टेट का उन्नयन | 451.56 |
| 10. | कोंच, जिला जालौन में औद्योगिक एस्टेट का उन्नयन | 696.14 |
| 11. | सिद्दीकनगर औद्योगिक एस्टेट, जौनपुर का उन्नयन | 674.69 |
| 12. | सराय मलुही, जिला सीतापुर में औद्योगिक एस्टेट का उन्नयन | 792.95 |
| 13. | एटा औद्योगिक एस्टेट का उन्नयन | 823.27 |
| 14. | फ्लेटेड फैक्टरी परिसर, यूपीएसआईसी औद्योगिक क्षेत्र, अमौसी, लखनऊ | 3430.23 |